
खबरों में रहे स्टॉक




एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स



वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 81 फीसदी वृद्धि के साथ 335 करोड़ रुपये हुआ

₹ **804.2** पिछला बंद भाव
₹ **907.2** आज का बंद भाव
12.8 % ▲


ग्रासिम इंडस्ट्रीज



भारत की पहली रिसाइकल विंड टर्बाइन ब्लेड बनाने के लिए सुजलॉन के साथ साझेदारी

₹ **3,091.0** पिछला बंद भाव
₹ **3,139.9** आज का बंद भाव
1.6 % ▲


बलरामपुर चीनी मिल्स



वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 90 फीसदी बढ़कर 102 करोड़ रुपये दर्ज किया गया

₹ **654.5** पिछला बंद भाव
₹ **673.8** आज का बंद भाव
3.0 % ▲


एनएलसी इंडिया



वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक बढ़कर 1,381 करोड़ रुपये पहुंचा

₹ **230.2** पिछला बंद भाव
₹ **248.4** आज का बंद भाव
7.9 % ▲

इंडियन मेटल्स ऐंड फेरो अलॉयज



वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 52 फीसदी वृद्धि के साथ 148 करोड़ रुपये हुआ

₹ **1,098.6** पिछला बंद भाव
₹ **1,128.9** आज का बंद भाव
2.8 % ▲

यूनिलीवर रिसर्च कार्यों पर 3.5 करोड़ यूरो निवेश करेगी

शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 4 नवंबर



उपभोक्ता वस्तुओं की वैश्विक कंपनी यूनिलीवर मुंबई और बेंगलूरु में अपने अनुसंधान और विकास (आरऐंडडी) हब को नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में बदलेगी। साथ ही, वह भारत में पर्यावरण अनुकूल उत्पाद एवं समाधान तैयार करने के उद्देश्य से रणनीतिक बायो-फ्यूचर्स साझेदारी करेगी। कंपनी इस सब पर 3.5 करोड़ यूरो का बड़ा निवेश करेगी। यह निवेश पिछले पांच वर्षों में लिक्विड्स लैब ऑफ द फ्यूचर, यूनिलीवर फ्रैग्रेंस हाउस, उन्नत बार (साबुन) निर्माण केंद्र, पैकेजिंग और फ्लेक्सिबल डिजाइन लैब, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) एवं डिजिटल मॉडलिंग प्लेटफॉर्म में किए गए 2 करोड़ यूरो से अलग होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'मुंबई और बेंगलूरु के आरऐंडडी हब यूनिलीवर के वैश्विक आरऐंडडी नेटवर्क का अभिन्न हिस्सा होंगे और इनमें नई विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान, नवाचार, उत्पाद विकास और बाजार उन्मुख गतिविधियां होंगी।'

दोनों केंद्रों को यूनिलीवर के वैश्विक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों, वैज्ञानिक शोध और बौद्धिक संपदा का लाभ मिलेगा।

मर्सिडीज की निर्यात पर नजर

भारत को प्रमुख विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में देख रही जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी

सोहिनी दास
चाकण, 4 नवंबर



'भारत का बढ़ता लग्जरी कार बाजार, आपूर्ति-कर्ताओं का विस्तार और इंजीनियरिंग क्षमताएं भविष्य में देश के लिए बड़ी निर्माण भूमिका को संभव बना सकती हैं।'

ओला कैलेनियस,
वैश्विक प्रमुख, मर्सिडीज-बेंज ग्रुप

निर्माण और निर्यात बढ़ाने पर जोर

- **कंपनी के वैश्विक सीईओ का मानना है कि वाहनों से पहले कलपुर्जों के निर्यात की संभावनाएं**
- **लग्जरी कार बाजार बढ़ने से वैश्विक आरऐंडडी और खरीदारी में भारत का योगदान बढ़ेगा**
- **भारत में मर्सिडीज-बेंज ने अपना कारोबार शुरू करने के बाद से 2,40,000 से अधिक गाड़ियां बेचीं**

जर्मन लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज का मानना है कि भारत वैश्विक बाजारों के लिए प्रमुख विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में उभर सकता है। कंपनी के वैश्विक प्रमुख ओला कैलेनियस का कहना है कि सवाल यह नहीं है कि ऐसा होगा या नहीं, बल्कि यह है कि ऐसा कब होगा। लेकिन कंपनी ने अभी तक भारत में निर्यात के लिए गाड़ियां बनाने का कोई फैसला नहीं लिया है। फिलहाल, सबसे बड़ा मौका भारत से पुर्जों और तकनीक की खरीदारी बढ़ाने में है।

मर्सिडीज-बेंज ग्रुप एजी में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन कैलेनियस ने कहा कि भारत का बढ़ता लग्जरी कार बाजार, सप्लायरों का विस्तार और इंजीनियरिंग क्षमताएं भविष्य में देश के लिए बड़ी निर्माण भूमिका को संभव बना सकती हैं। कैलेनियस ने बुधवार को पुणे के पास चाकण में कंपनी के संयंत्र में आयोजित मीडिया राउंडटेबल के दौरान कहा, 'मुझे लगता है कि यह सवाल 'क्या' का नहीं, बल्कि 'कब' का है। लेकिन मैं यह साफ बता दूं कि अभी तक हमने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है।'

उन्होंने ये टिप्पणियां तब कीं जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मर्सिडीज-बेंज को भारत को सिर्फ एक विनिर्माण देश के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और वाहन बनाने के आधार के रूप में देखना चाहिए और इसके लिए राज्य का उपयोग करना चाहिए।

कैलेनियस ने कहा कि भारत वृद्धि के नजरिये से पहले से ही एक अहम बाजार है और मर्सिडीज-बेंज देश में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रही है। उनका आशावाद मर्सिडीज-बेंज इंडिया के अब तक के सबसे मजबूत तिमाही प्रदर्शन के कारण है। लग्जरी कार निर्माता ने जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान 5,422 वाहन बेचे, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक और पिछली तिमाही की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। जनवरी-सितंबर के दौरान बिक्री 8 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 15,190 वाहनों तक पहुंच गई, जिसका मुख्य कारण इसके कोर, टॉप-एंड और एंट्री लग्जरी गाड़ियों की मजबूत मांग रही।

हालांकि, कुल यात्री वाहन बाजार की तुलना में लग्जरी कार सेगमेंट काफी छोटा रहा। भारत में हर साल लगभग 50 लाख यात्री गाड़ियां बिकती हैं। लेकिन प्रीमियम और लग्जरी सेगमेंट की हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से थोड़ी ही ज्यादा है, यानी लगभग 60,000 गाड़ियां। मर्सिडीज-बेंज की सालाना बिक्री लगभग 20,000 वाहन है, जो कुल बाजार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है।

अगले पांच से सात वर्षों में भारत की अनुमानित आर्थिक वृद्धि को देखते हुए, कैलेनियस को उम्मीद है कि लग्जरी वाहनों की मांग में अच्छी खासी बढ़ोतरी होगी। एक बड़ा घरेलू बाजार और उसके साथ सही मॉडल व कीमत का निर्धारण आगे चलकर स्थानीय स्तर पर विनिर्माण बढ़ाने के कदम को सही साबित कर सकते हैं। लेकिन इससे पहले मर्सिडीज-बेंज की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका और भी बढ़ सकती है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी संतोष अय्यर ने कहा कि देश में कंपनी का कुल निवेश 3,200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें 2026 में निर्माण परिचालन, नए मॉडल पेश करने और डिजिटलीकरण पर 200 करोड़ रुपये का निवेश भी शामिल है।

भारत में अपना कामकाज शुरू करने के बाद से मर्सिडीज-बेंज ने 2,40,000 से अधिक वाहन बेचे हैं, जिनमें से अधिकांश का निर्माण स्थानीय स्तर पर चाकण में किया गया है। भारत का बढ़ता महत्त्व ऐसे समय में सामने आया है जब मर्सिडीज-बेंज को चीन में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कॉर्पोरेट कार्यालय : ऑफिस नंबर 501 एवं 503, पाँचवां तल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई उपनगर, जिला महाराष्ट्र–400072
अंबाला शाखा: दूसरी मंजिल, अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी के उप्पर, कृष्णा नगर, जगाधरी रोड, महेश नगर, अंबाला - 133001 (हरियाणा)
चंडीगढ़ शाखा: एससीओ नंबर 4, प्रथम मंजिल, चौरा बाजार, अंबाला-चंडीगढ. रोड, रॉयल एस्टेट मार्केट के पास, लोहगढ ग्राम, डेराबस्सी, जिला एसएएस नगर (मोहाली)
हिसार शाखा: शॉप नंबर 86, दूसरी मंजिल, कमर्शियल अर्बन एस्टेट-II, दिल्ली रोड, हिसार - 125001 (हरियाणा)
करनाल शाखा: प्रथम मंजिल, एससीओ नंबर 334, मुगल कैनाल, करनाल - 132001 (हरियाणा)
पानीपत शाखा: मकान नंबर 1377, खसरा नंबर 3607(1-10), 3609(2-2), 3611(0-9), 3612(0-6), 3610(1-4), गीता कॉलोनी, दूसरी मंजिल, लाल बत्ती चौक के पास, जीटी रोड, नवल सिनेमा के पास, जिला पानीपत (हरियाणा)
यमुनानगर शाखा: एससीओ, दूसरी मंजिल, बी-व्ही, 185/ए, शिवाजी मार्केट के सामने, डीएव्ही कॉलेज के पास, जगाधरी रोड, यमुनानगर - 135001 (हरियाणा)

मांग सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3(1) के साथ धारा13(2) के अंतर्गत सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटेरस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता **आधार हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी है। उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटेस्ट (इंफोर्समें ट) एक्ट, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा13(2) के अंतर्गत नीचे वर्णित निम्न ऋणकर्ता (ओं) (उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं)) को संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशि का पूर्णभुगतान करने के लिए बुलाये जाने के लिए जारी की गई थी। उपरोक्त संबंध में एक बार पुन: उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) को पुन: सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिवस के अंदर नीचे वर्णित राशि के साथ नीचे वर्णित दिनांक से भुगतान की दिनांक एवं / या पुर्नप्राप्ति तक लागू मय ब्याज के उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) से किए गए ऋण अनुबंध के साथ अन्य दस्तावेजो / लिखित में यदि कोई हो, के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करें। जैसा कि ऋण के पुर्नभुगतान की जमानत के लिए निम्न संपत्ति को उपरोक्त संबंधित ऋणकर्ता (ओं) द्वारा AHFL को गिरवी रखा गया है।

क्र.	उधारकर्ताओं एवं सह–उधारकर्ता / जमानतदार के नाम	मांग पत्र की दिनांक एवं मांग राशि	प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/यां)
1	(लोन कोड नं. 10100000237 / अंबाला शाखा) प्रिंस त्यागी (ऋणी) ललिता त्यागी एवं प्रवेश कुमार (सह-ऋणी) अतुल अतुल (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 6,78,059/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति, यानी अरजी टिपरा, हदबस्त नंबर 157, खेवट नंबर 4, खतौनी नंबर 6, खसरा नंबर 151/65 (तदादी 12-16) का 3/256 भाग कुल 03 बिस्वा, मौजा टिपरा, तहसील कालका, जिला अंबाला **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - जय प्रकाश का प्लॉट 03 बिस्वा, पश्चिम - राम सिंह आदि का प्लॉट, उत्तर - भीम सिंह का प्लॉट, दक्षिण - रास्ता
2	(लोन कोड नं. 30700000078 / करनाल शाखा) कल्पेशवर यादव (ऋणी) सुमित्रा (सह-ऋणी) गोपाल (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 5,94,499/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति, यानी भूमि - खेवट नंबर 23 मिन, खतौनी नंबर 29 मिन, मुरब्बा नंबर 125, किला नंबर 16/1 (3-16), 16/2 (0-4), मुरब्बा नंबर 126, किला नंबर 11/1 (6-8) - कुल 3 रकबा 10 कनाल 8 मरला का 2/2028 यानी 2 मरला (61.5 वर्ग गज), शास्त्री नगर, घरौंडा, तहसील घरौंडा, जिला करनाल **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - गली
3	(लोन कोड नं. 30700000080 / करनाल शाखा) अनिल कुमार (ऋणी) रानी देवी (सह-ऋणी) अशोक कुमार (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 6,25,750/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति, जिसका माप 0 कनाल 5.5 मरला; 0 कनाल 11 मरला माप वाली भूमि का 1/2 भाग; खेवट नंबर 56, खसरा नंबर 299-479 के अंतर्गत आने वाला भाग; मौजा ग्राम डिंग, तहसील पुंडरी, जिला कैथल **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - गली, पश्चिम - धनपत आदि का प्लॉट, उत्तर - टोडर का प्लॉट, दक्षिण - गली
4	(लोन कोड नं. 33100000080 / यमुना नगर शाखा) मंदीप सिंह (ऋणी) परविंदर कौर, गुरदीप सिंह एवं सुसमा रानी (सह-ऋणी) परषोत्तम (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 14,58,430/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति, यानी एक रिहायशी मकान 0 कनाल 8 मरला (240 वर्ग गज), जो ग्राम बदरपुर (लाल डोरा के भीतर), तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - 40 फुट की गली, पश्चिम - जिले सिंह का प्लॉट 40 फुट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट 55 फुट, दक्षिण - सतपाल का प्लॉट 55 फुट
5	(लोन कोड नं. 09600000161 / पानीपत शाखा) आत्मा राम (ऋणी) स्नेहा लता (सह-ऋणी) नरेश कुमार (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 2,00,305/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति यानी एक मकान, रकबा टडादी 213 वर्ग गज, जो ग्राम डीडवाड़ा, तहसील सफीदों, जिला जींद के 'लाल डोरा' के अंतर्गत स्थित **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - परवार पिता मुल्तान का मकान 64 फीट, पश्चिम - ओम प्रकाश पिता पृथ्वी का मकान 64 फीट, उत्तर - गली 30 फीट, दक्षिण - सुशील पिता अत्तर सिंह का मकान 30 फीट
6	(लोन कोड नं. 09600000258 / पानीपत शाखा) विनोद कुमार (ऋणी) कुमारी रोमा (सह-ऋणी) बलबीर सिंह (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 8,84,598/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति यानी एक मकान, क्षेत्रफल 132 वर्ग गज, किला नंबर 118//14/2, 15, 6 का भाग मौजा खंदराई, मीनाक्षी कॉलोनी, गोहाना नगर पालिका सीमा के अंतर्गत, जिला सोनीपत **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - आम गली 27 फीट, पश्चिम - अन्य का प्लॉट 27 फीट, उत्तर - अन्य का प्लॉट 44 फीट, दक्षिण - अन्य का प्लॉट 44 फीट
7	(लोन कोड नं. 09500000275 / हिसार शाखा) शमशेर सिंह (ऋणी) अंगुरी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 9,46,915/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति यानी एक प्लॉट, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, जो मौजा शास्त्री नगर बिस्ना भट्ठा, नरवाना, तहसील नरवाना, जिला जींद **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - विक्रेता का प्लॉट 17 फीट 0 इंच, पश्चिम - 20 फीट चौडी गली एवं प्लॉट 17 फीट 0 इंच, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट 52 फीट 2 इंच, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट 52 फीट 7 इंच
8	(लोन कोड नं. 09500000471 / हिसार शाखा) प्रदीप (ऋणी) नाफे सिंह (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 7,84,625/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति यानी क्षेत्रफल 0 कनाल - 18 मरले, जो खसरा नंबर 800 (0-18) 'गैर मुमकिन' का भाग 1/3 भाग यानी 0 कनाल - 6 मरले, जो 181.5 वर्ग गज शामिल जमाबंदी 2013-2014 के अनुसार खेवट एवं खाता नंबर 78/90, मौजा करसंधु, तहसील उचाना, जिला जींद **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - प्लॉट एवं गली, पश्चिम - सत्ता का प्लॉट, उत्तर - संदीप-अमनदीप का प्लॉट, दक्षिण - लेहरी का प्लॉट
9	(लोन कोड नं. 30710000095 / करनाल शाखा) बलजीत (ऋणी) निर्मला देवी एवं राहुल (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 10,95,976/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति, यानी खेवट नंबर 49, खाता नंबर 154, कीते 5 रकबा कुल रकबा 25 कनाल 6 मरला, 20/1518 का भाग यानी 0 कनाल 6.75 मरला, खेडा खेमावती, तहसील सफीदों, जिला जींद **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - अन्य का प्लॉट 24 फुट 10 इंच, पश्चिम - 22 फुट चौडी गली 28 फुट 4 इंच, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट 79 फुट 8 इंच, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट 65 फुट 3 इंच
10	(लोन कोड नं. 09410000259 / चंडीगढ़ शाखा) सतबीर सिंह राणा (ऋणी) पूजा देवी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 15,37,965/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, 2 बिस्वा 10 बिस्वासी की संपत्ति, जो खाता नंबर 3/3 के अंतर्गत एवं खसरा नंबर 483 मिन (4-12) में शामिल इसमें 50/1840 भाग यानी 2 बिस्वा 10 बिस्वासी शामिल, जो ग्राम खेडावाली, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा
11	(लोन कोड नं. 09610000365 / पानीपत शाखा) रविन्द्र कुमार (ऋणी) उर्मिला देवी एवं संतरा देवी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 14,38,392/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, संपत्ति, यानी 65 वर्ग गज का एक प्लॉट/मकान, जो ग्राम मतलोरा, जिला पानीपत के 'लाल डोरा' (आबादी क्षेत्र) के भीतर स्थित **चर्तुसीमाएँ:–** पूर्व - गोपाल दास का खाली प्लॉट 24.5 फुट, पश्चिम - बाला राम पिता घमंडी राम का मकान 24.5 फुट, उत्तर - गली एवं नाला 24.5 फुट, दक्षिण - रामफल नाई का मकान 24.5 फुट

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता उपरोक्त राशि का AHFL को भुगतान करने में असफल रहते है तो AHFL उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध कानून की धारा 13 (4) एवं लागू नियम के अंतर्गत ऋणकर्ता के पूर्ण जोखिम मूल्य एवं परिणाम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ताओं को कानून के अंतर्गत संपत्ति का विक्रय, किराया या अन्य प्रकार से बिना AHFL के लिखित अनुमति के बिना हस्तांतरित करने पर प्रतिबंधित किया जाता है कोई व्यक्ति जो कि उपरोक्त कानून या नियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन या उल्लंघन करने को बढावा देता है उसे उपरोक्त कानून के अंतर्गत प्रदत जुर्माना या /एवं कारावास के लिए दंड दिये जाने के योग्य होगा।

स्थान : हरियाणा **सही/– प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 05-11-2026 **वास्ते – आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

एक चूक से बायोकॉन का मुनाफा आधा हुआ

बीएस संवाददाता
नई दिल्ली/मुंबई/चेन्नई, 4 नवंबर

वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में बेंगलूरु की प्रमुख फार्मास्युटिकल कंपनी बायोकॉन का समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 52 फीसदी घटकर 41 करोड़ रुपये रह गया है। इसका कारण यह रहा कि लगभग 2 करोड़ डॉलर की खेप तिमाही के अंत की समय-सीमा से चूक गई, जबकि उनकी लागत पहले ही शामिल की जा चुकी थी।

परिचालन से राजस्व 2 फीसदी बढ़कर 4,389 करोड़ रुपये रह गया। शुद्ध लाभ, एक साल पहले के 85 करोड़ रुपये और जून तिमाही के 141 करोड़ रुपये के मुकाबले कम रहा। नतीजों की घोषणा बाजार के कामकाज के दौरान की गई।

डॉ. लाल पैथलैब्स का मुनाफा 27.5% बढ़ा

प्रमुख स्वास्थ्य जांच सेवा प्रदाता कंपनी डॉ. लाल पैथलैब्स (डीएलपीएल) ने वित्त वर्ष 2027 की सितंबर तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 27.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यह बढ़ोतरी टेस्ट से मिलने वाले राजस्व में इजाफे के कारण हुई है। वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 194 करोड़ रुपये रहा।

फ्रैक्टल का राजस्व 10 करोड़ डॉलर

एंटरप्राइज एआई फर्म फ्रैक्टल एनालिटिक्स को वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में 9.5 फीसदी वृद्धि के साथ 79.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। पिछले साल की इसी अवधि में यह 33.2 करोड़ रुपये था। तिमाही में 956.5 करोड़ रुपये राजस्व मिला। कंपनी ने पहली बार 10 करोड़ डॉलर का तिमाही राजस्व भी हासिल किया।

लेंसकार्ट का मुनाफा दोगुना

लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सितंबर तिमाही में 2,845 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी अवधि के 2,147 करोड़ रुपये की तुलना में 32.5 फीसदी ज्यादा है।

कर के बाद शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक बढ़कर 232 करोड़ रुपये रहा, जो पहले 113 करोड़ रुपये था। भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक बिक्री, प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण वृद्धि हुई है।

इंडियन मेटल्स को निर्यात से मिला सहारा

मूल्यवर्धित फेरोक्रोम की देश की सबसे बड़ी उत्पादक इंडियन मेटल्स ऐंड फेरो अलॉयज लिमिटेड (आईएमएफए) को वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में 50.62 फीसदी की वार्षिक वृद्धि के साथ 148.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है, जो पिछले साल इसी अवधि में 98.77 करोड़ रुपये था। राजस्व और लाभप्रदता में वृद्धि मुख्य रूप से क्षमता विस्तार के बाद उत्पादन और बिक्री बढ़ने से हुई है। कंपनी का राजस्व 34.72 फीसदी बढ़कर 968.17 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल 718.65 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था, जबकि 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में एबिटा से पहले की कमाई पिछले वर्ष के 138.34 करोड़ रुपये से बढ़कर 235.04 करोड़ रुपये रही। निर्यात से भी कंपनी के व्यवसाय में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

फिजिक्सवाला का लाभ दोगुना पहुंचा

शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला ने बुधवार को वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में अपने शुद्ध लाभ को 142.29 करोड़ रुपये के साथ लगभग दोगुना कर लिया है। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी को 69.72 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। इस सितंबर तिमाही में यह शुद्ध लाभ इससे पहले तिमाही में 87.04 करोड़ रुपये के नुकसान के बाद आया है। फिजिक्सवाला का परिचालन राजस्व 1,242.26 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि में 1,051.24 करोड़ रुपये की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। दूसरी ओर, सितंबर तिमाही में कंपनी का कुल व्यय 10.5 फीसदी बढ़कर 1,105.4 करोड़ रुपये हो गया।

अपोलो हॉस्पिटल्स का लाभ उछला



प्रमुख अस्पताल श्रृंखला अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज (एएचईएल) ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और यह बढ़कर 630 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह लाभ 477 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2027 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का समेकित राजस्व 23 प्रतिशत बढ़कर 7,615 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में यह 6,189 करोड़ रुपये था। कंपनी का समेकित एबिटा 29 प्रतिशत बढ़कर 1,191 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 924 करोड़ रुपये था। *बीएस*

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

आंचलिक तनावग्रस्त वसूली शाखा
एससीओ 1120–1121, सेक्टर 22–, चंडीगढ़ – 160022
मो. 88269–90503, ई–मेलः ARMCHA@bankofbaroda.bank.in

ई-नीलामी बिक्री सूचना

चल / अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस
[परिशिष्ट– **IV-A** (नियम **6(2), 8(6) & 9(1)** का परंतुक देखें]

नियम एवं शर्तों के विवरण हेतु स्कैन करें

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2), 8(6) & 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक/प्रभारित का **कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, के कर्जदार(रों), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) से नीचे वर्णित खातों में सुरक्षित लेनदार की बकाया राशि और पहचाने गए किसी भी बकाया का दायित्व क्रेता पर होगा लेकिन बैंकर पर नहीं, की वसूली हेतु हेतु **"जहाँ है, जैसा है, जो कुछ भी है" के** आधार पर नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। कर्जदार(रों), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं)/प्रतिभूत आस्तियां/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि और बोली वृद्धि राशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

क्र. सं.	शाखा का नाम और कर्जदार और बंधककर्ता का नाम एवं पता	चल /अचल संपत्ति का विवरण ज्ञात भार के साथ, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई–नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे का स्थिति (रचनात्मक /भौतिक)	निरिक्षण की तिथि एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी का नाम और सम्पर्क नं.
1	**जेडओएसएआरबी चंडीगढ़** मैसर्स एडवांटेज ऑर्गेनिक्स नेचुरल्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, हाउस नंबर यू–2ए, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली – 110016.	संपत्ति– I:– आवासीय संपत्ति, मकान सं. बी–5, द्वितीय तल, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली – 110065, जिसका कवर्ड क्षेत्रफल 2025 वर्ग फुट संपत्ति आईडी BARB3775011225	₹ 14.57 करोड़ मांग सूचना दिनांक 22.03.2018 के अनुसार, वसूली घटाकर, यदि कोई हो	**10.12.2026** को पूर्वा 11.00 बजे से अप. 15.00 बजे तक	रु. 3,78,00,000/- रु. 37,80,000/- रु. 5,00,000/-	भौतिक कब्जा	**07.12.2026 से पूर्वा. 11.00 बजे से अर्पा. 15.00 बजे**	**Mr. Pradeept Swar Bhardwaj Mobile: 8826990503**
		संपत्ति– II: फैक्ट्री भूमि एवं भवन जोकि ग्राम दोची, साधुपुल, दुर्गा मंदिर के निकट, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित भूमि माप 19 बीघा, साथ ही ग्राम दोची, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित कंपनी की समस्त वर्तमान एवं भविष्य की प्लांट एवं मशीनरी तथा अन्य स्थायी परिसंपत्तियों का दृष्टिबंधक		**10.12.2026** को पूर्वा 11.00 बजे से अप. 15.00 बजे तक	रु. 5,54,58,000/- रु. 55,45,800/- रु. 5,00,000/-	भौतिक कब्जा	**07.12.2026 से पूर्वा. 11.00 बजे से अर्पा. 15.00 बजे**	**Mr. Pradeept Swar Bhardwaj Mobile: 8826990503**

ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: ई-नीलामी की तिथि और समय तक या उससे पहले
ई-नीलामी आरंभ होने की तिथि और समय: 10.12.2026 पूर्वा. 11:00 बजे से अर्पा. 15:00 बजे तक , ईएमडी के भुगतान का मोड: एनईएफटी/आरटीजीएस

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए, कृपया **https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction** और ऑनलाईन ऑक्शन पोर्टल **Baanknet.com** में दिए गए लिंक पर जाएे।
इसके अलावा, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी के मो. **8826990503, 9646103815** से संपर्क कर सकते हैं।
इसे सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना माना जाएं।

दिनांक : 04-11-2026, **स्थानः चंडीगढ़** **प्राधिकृत अधिकारी**

डाबर ने हरजीत को बोर्ड में निदेशक नियुक्त किया

हरजीत भल्ला को बुधवार को डाबर इंडिया के बोर्ड में पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति 14 नवंबर से 5 साल के लिए प्रभावी होगी। इससे पहले, मोहित मल्होत्रा ने 13 नवंबर को निजी कारणों से वैश्विक सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक के पदों से इस्तीफा दे दिया था। कंपनी ने बताया कि भल्ला भारत के कारोबार में विकास के एजेंडे का नेतृत्त्व करना जारी रखेंगे। कंपनी ने पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ लगभग 506 करोड़ रुपये रहा। भारत में अपने एफएमसीजी कारोबार में कंपनी ने 5.5 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि दर्ज की। *बीएस*

चंडीगढ़ संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं तन्मय महेश्वरी, इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं